अयोध्या में सोलर सिटी पर अब शुरू होगा काम

अयोध्या को सोलर सिटी विकसित करने के लिए 40 मेगावाट की सोलर विद्युत उत्पादन परियोजना की स्थापना काम अब होगा। इससे 70 .08 मिलियन यूनिट हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा।

मेडिकल डिवाइस पार्क का होगा निर्माण

नए साल में जहां यमुना अथारिटी 350 एकड़ भूमि पर मेडिकल डिवाइस पार्क पर काम शुरू कराएगा वहीं , ललितपुर में करीब दो हजार एकड़ में बल्क ड्रग पार्क भी बनना शुरू होगा।

100 नई टाउनशिप के साथ बनेगा एनसीआर की तर्ज पर एससीआर

राज्य सरकार नए साल पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) धरातल पर उतारने जा रही है। इसमें छह शहर होंगे और एससीआर 27826 वर्ग किलो मीटर के दायरे में होगा। योगी सरकार प्रदेश में एक ऐसा शहर बसाना चाहती है, जिसमें उद्योगों, स्कूलों, कॉलेजों, आईटी सिटी के साथ ही ऐसी आवासीय सुविधाएं हो जो देश-दुनियां में नई छाप छोड़ सके। इसके लिए लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी को शामिल कर राज्य राजधानी क्षेत्र बसाया जाएगा। जल्द कैबिनेट से प्रस्ताव पास कराया जाएगा। राज्य राजधानी क्षेत्र के लिए अलग प्राधिकरण बनेगा। मुखिया वरिष्ठ आईएएस अधिकारी होगा। जनवरी में प्राधिकरण के गठन कर अधिकारियों के तैनाती की तैयारी है। प्राधिकरण जमीन अधिग्रहण करने के साथ राज्य राजधानी क्षेत्र में आने वाले गांवों को चिह्नित करेगा। इसके बाद जमीनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।